Parvatibai Chowgule College of Arts and Science

Autonomous

B.A. Semester End Examination, January 2022

Semester: III

Subject: Hindi

Title: हिन्दी महिला लेखन (HIN-III-E.3)

Duration: 2hr Max. Marks: 40

सूचना: 1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

2. सभी प्रश्नों के समान गुण हैं।

प्र.1. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर चार-पाँच पंक्तियों में लिखिए। (10)

1) कृष्णा सोबती के व्यक्तित्व को संक्षिप्त में लिखिए।
2) शेरा बाबू की किन्हीं दो चारित्रिक विशेषताओं को समझाइए।
3) 'वापसी कहानी का शीर्षक आपके मतानुसार सही है या गलत'। कथन को स्पष्ट कीजिए।
4) अपनी पसंदीदा किसी एक हिन्दी महिला लेखिका के योगदान को संक्षिप्त में लिखिए।

प्र.2. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर चार-पाँच पंक्तियों में लिखिए। (10)

1) 'मामला आगे बढ़ेगा अभी' कहानी के उद्देश्य को संक्षिप्त में समझाइए।
2) 'अहल्या को दंडित करना सही था या गलत' इस कथन को स्पष्ट कीजिए।
3) सरिता का चरित्र चित्रण कीजिए।
4) 'स्त्रियाँ' कविता में चित्रित स्त्री संवेदना को अपने शब्दों में लिखिए।

P.T.O.

प्र.3.अ) हिन्दी महिला लेखन की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालिए। **(10)**

अथवा

आ) 'महानगर की मैथिली' कहानी में मध्यमवर्गीय जीवन की त्रासदी को रेखांकित कीजिए।

प्र.4. निम्नलिखित अवतरणों में से किन्हीं दो की संदर्भ साहित व्याख्या कीजिए। (10)

1) जलकुंभी के जालों से ऊपर उठकर
चम्पा फिर घर आ गई,
देवता पर चढ़ाई गई
मुरझाने पर मसलकर फेंक दी गई,
जलाई गई।
उसकी राख बिखरे दी गई
पूरे गाँव में।

2) तन के भूगोल से परे
एक स्त्री के
मन की गाँठे खोलकर
कभी पढ़ा है तुमने
उसके भीतर का खौलता इतिहास

3) "सुन ले! सुनाने के लिए ही कह रहे है हम। रनवीर एक दिन चाखी पीसेगा, रोटी थापेगा और हमारी बसुमती, कागद लिखेगी, हुकुम चलाएगी, राज करेगी।"

4) "हम कार्ड की पंक्तियों के बीच न हुए तो क्या हुआ। दुनिया में करोड़ो लोग हैं, सभी के माँ-बाप क्या माथे की बिंदिया बन कर माथे पर सजे रहते हैं। हमें मान लेना चाहिए की हम स्वयं ही उन्हें नया भविष्य देने यहाँ आये थे।"

****